# नारायणी विहार फेस-2 में 'मां के नाम' किया पौधरोपण



भाटापारा @ पत्रिका. कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट देवरी रोड भाटापारा के तत्वावधान में, महाविद्यालय के संचालक मनीष शुक्ला की अध्यक्षता एवं प्राचार्य डॉ. वंदना चौहान के मार्गदर्शन में, प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी "एक पेड़ मां के नाम" के संदेश के साथ वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह वृक्षारोपण कार्यक्रम भाटापारा नगर के नारायणी विहार फेस-2 कॉलोनी के सामने स्थित लिंक रोड के किनारे हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि के रूप में शिवरतन शर्मा (प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा छत्तीसगढ़ एवं पूर्व विधायक, भाटापारा) एवं विशिष्ट अतिथि अश्वनी शर्मा (अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, भाटापारा) की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नारायणी विहार फेस-2 के निवासियों का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर फलदार (जैसे बादाम) और छायादार पौधा (गुलमोहर, बरगद, नीम) रोपे गए। पौधों की सुरक्षा हेतु उन्हें ट्री गार्ड से सुरक्षित किया मया।

कार्यक्रम की सफलता में संस्थान के सहायक प्राध्यापकों एवं छात्रों का विशेष योगदान रहा। साथ ही महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) की कार्यक्रम अधिकारी भावना हेंवार, सदस्य वैभव गुप्ता और स्वयंसेवकों ने गड्ढा खोदने, सफाई करने और पौधारोपण में सक्रिय भागीदारी निभाई।

jay Banjare Mar 11, 2026, 15:16

Scanned with OKEN Scanner

# एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में रोपे पौधे

भाटापारा| कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट देवरी रोड भाटापारा की ओर से 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम नारायणी विहार फेस-2 कॉलोनी के सामने लिंक रोड किनारे हुआ। आयोजन की अध्यक्षता महाविद्यालय के संचालक मनीष शुक्ला ने की। प्राचार्य डॉ. वंदना चौहान के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा थे। दोनों अतिथियों ने पौधारोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। नारायणी विहार फेस-2 के रहवासियों ने आयोजन में विशेष सहयोग दिया।

Scanned with OKEN Scanner

# शिक्षकों ने ग्राम खोलवा में वरिष्ठ नागरिकों को हस्ताक्षर प्रशिक्षण दिया



भाटापारा @ पत्रिका. कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट, देवरी रोड भाटापारा द्वारा संचालक मनीष शुक्ला एवं प्राचार्य डॉ. वंदना चौहान के मार्गदर्शन में खोलवा ग्राम में हस्ताक्षर अभियान विषय पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के तहत संस्थान के शिक्षकों ने गांव में जाकर सर्वेक्षण किया, जिसका उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों की साक्षरता स्थिति का आकलन करना था। सर्वे में यह सामने आया कि कुछ बुजुर्ग नागरिक आज भी अपने नाम के हस्ताक्षर करने में असमर्थ हैं, जिससे उन्हें दैनिक जीवन के कई कार्यों में कठिनाई होती है। इस समस्या को दूर करने के लिए संस्थान ने इन वरिष्ठ नागरिकों को हस्ताक्षर प्रशिक्षण दिया, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और आत्मविश्वास के साथ अपने दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर सकें।

इंस्टीट्यूट की यह पहल न केवल सामाजिक जागरूकता का उदाहरण है, बल्कि यह ग्रामीण क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाला कदम भी है। संस्थान ने यह संदेश दिया कि शिक्षा केवल बच्चों के लिए नहीं, बल्कि हर उम्र के व्यक्ति के जीवन को सशक्त बनाने का माध्यम है।

Scanned with OKEN Scanner

युवाओं को सैनिकों से प्रेरणा लेने का आह्वान

# ऑपरेशन सिंदूर पर नृत्य-नाटिका से गूंजा स्वतंत्रता दिवस समारोह



**भाटापारा @ पत्रिका.** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट, भाटापारा में ऑपरेशन सिंदूर राष्ट्रीय सुरक्षा विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर संस्थान ने धूमधाम से स्वाधीनता दिवस मनाया। ध्वजारोहण संस्थान के अध्यक्ष मनीष शुक्ला ने किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष मनीष शुक्ला, उपाध्यक्ष कौस्तुभ शुक्ला और सचिव अंजलि शुक्ला उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। अपने संबोधन में अध्यक्ष मनीष शुक्ला ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के अदम्य साहस और देशभक्ति का प्रतीक है। युवाओं को सैनिकों के बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए और परिवार व माता-पिता के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी पूरी निष्ठा से निभानी चाहिए।इस अवसर पर बीएड प्रशिक्षार्थियों ने ऑपरेशन सिंदूर पर नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा और देशभक्ति की भावना को जीवंत किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. वंदना चौहान, सभी प्राध्यापकगण और प्रशिक्षणार्थी भी शामिल रहे।प्राचार्य डॉ. चौहान ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चेतना और अनुशासन का विकास करते हैं। कार्यक्रम का संचालन बीएड प्रशिक्षार्थियों द्वारा किया गया।

हर घर तिरंगा अभियान में विद्यार्थियों की जोशीली भागीदारी

# भाटापारा में 100 फीट लंबी तिरंगा रैली निकाली, देशभक्ति का जज्बा दिखाया





**भाटापारा @ पत्रिका.** कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट, देवरी रोड भाटापारा में साप्ताहिक कार्यक्रम ऑपरेशन सिंदूर और राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय के निर्देशन में हर घर तिरंगा अभियान के तहत 100 फीट लंबी तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरुआत महाविद्यालय के संचालक मनीष शुक्ला की अध्यक्षता में हुई। प्राचार्या डॉ. वंदना चौहान ने सभी सहायक प्राध्यापकों और छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए रैली को बस स्टैंड भाटापारा के लिए रवाना किया।

बस स्टैंड से प्रारंभ हुई यह यात्रा सदर बाजार से होते हुए शहरी थाना पहुंची, जहां थाना प्रभारी शशांक सिंह और उपस्थित पुलिस अधिकारियों का सम्मान किया गया। तत्पश्चात रैली का समापन भारत माता चौक में हुआ।रैली में छात्रों का जोश देखने लायक था। ग्रेजुएशन और बी.एड. विद्यार्थियों सहित एनएसएस स्वयंसेवकों ने भारत माता की जय, हर घर तिरंगा, जय जवान जय किसान, वंदे मातरम'' और स्वच्छता जैसे नारे लगाते हुए परेड की धुन पर कदम बढ़ाए। रैली के सफल संचालन और यातायात नियंत्रण के लिए पुलिस बल ने सहयोग दिया। इस आयोजन में सहायक प्राध्यापक वैभव गुप्ता, डॉ. पूर्णिमा कौशिक, भावना हेंवार एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, नेह सिंह, अनुपमा उमरे, सुषमा दुबे, सरोजनी वर्मा, प्रवीन बिश्वास रेडक्रॉस कार्यक्रम अधिकारी, प्रमिला शर्मा, माधुरी धुरंधर, अजय बंजारे, गुलशन गेंदले, मयंक सिंह और कॉलेज स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# अतिथियों ने विद्यार्थियों को दिया राष्ट्रप्रेम और जिम्मेदारी का संदेश



**भाटापारा @ पत्रिका.** कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट, भाटापारा में ऑपरेशन सिंदूर : राष्ट्रीय सुरक्षा विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एएसपी हेमसागर सिदार, एसडीओपी तारेश साहू, ग्रामीण थाना टीआई लखेश केवट और शहर थाना टीआई शशांक सिंह ने भारतीय सेना के साहस, वीरता और बलिदान पर प्रेरक उद्बोधन दिया।अतिथियों ने विद्यार्थियों को राष्ट्रप्रेम, जिम्मेदार नागरिकता और सुरक्षा बलों के योगदान की महत्ता से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आज का युवा देश की शक्ति है और उसे देशभक्ति के साथ समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर संचालक मनीष शुक्ला ने कहा कि कॉलेज विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रहित से जुड़े आयोजनों का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष कौस्तुभ शुक्ला और सचिव अंजलि शुक्ला की उपस्थिति भी रही। प्राचार्या डॉ. वंदना चौहान ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम का संचालन डॉ. पूर्णिमा कौशिक ने किया। कार्यक्रम में सभी सहायक प्राध्यापक और विद्यार्थी बड़ी संख्या में शामिल हुए। संस्थान ने संकल्प भी लिया कि आगे भी ऐसे आयोजनों से छात्रों में देशभक्ति, अनुशासन और समाज सेवा की भावना को प्रोत्साहित करता रहेगा।

Scanned with OKEN Scanner

# कमलाकांत शुक्ल इंस्टीट्यूट के स्वयंसेवकों का परेड के लिए चयन



**भाटापारा @ पत्रिका.** कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट देवरी रोड भाटापारा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक का जिला स्तरीय से विश्वविद्यालय स्तर पर गणतंत्र दिवस पूर्व परेड के लिए चयन हुआ है। महाविद्यालय के संचालक मनीष शुक्ला, प्राचार्या डॉ वंदना चौहान प्रतिभागी भईयाराम , उदय , जयंती , भुनेश्वरी व चयनित भईया राम , जयंती स्वयं सेवकों को प्रोत्साहित व उज्जवल भविष्य की कामना की।

महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापकों व अन्य छात्रा छात्राओं ने स्वयं सेवकों को बधाई दी। जिला स्तरीय चयन शास . दाऊ कल्याण महाविघालय बलौदाबाजार में आयोजित आयोजित किया गया। इस दौरान चयन प्रक्रिया में जिला संगठक नरेंद्र देव मिर्झा व कल्पना भगत मैम जिला के सभी कार्यक्रम अधिकारी स्वयं सेवकों में साथ उपस्थित हुए चयन प्रक्रिया में परेड, दौड़, नृत्य, गीत, ऊंचाई, वजन, स्वस्थ्य के अनुरूप स्वयं सेवकों का चयन किया गया। शा गजानंद अग्रवाल महाविद्यालय वरिष्ठ स्वयं सेवक लीलेश्वर व कोमल चेलक ने महाविघालय के स्वयं सेवकों को चयन पूर्व तैयारी करवा कर अपना सहयोग प्रदान किया। चयन प्रक्रिया में महाविद्यालय कार्यक्रम अधिकारी भावना हेंवार ने स्वयं सेवकों को मार्गदशन दिया, सदस्य नेहा सिंह वैभव गुप्ता, अजय बंजारे मयंक मिश्रा चयन में सहायता व स्वयं सेवकों को बधाई दी।

Scanned with OKEN Scanner

# कमलाकांत शुक्ला का परीक्षाफल शत प्रतिशत

पत्रिका

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com





भाटापारा. कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट देवरी रोड, भाटापारा ( पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर ) से संबंधित बीएससी, द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहा । महाविद्यालय में अध्ययनरत बीएससी की छात्रा आकांक्षा 80 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, रिमझिम द्वितीय स्थान 77 प्रतिशत खुशी तृतीय स्थान 74 प्रतिशत प्राप्त किये कक्षा के सभी छात्र छात्राएं प्रथम डिविजन से उत्तीण आए हैं। छात्रों के उत्कृष्ट परिणाम पर महाविद्यालय के संचालक मनीष शुक्ला, प्राचार्य डॉ वंदना चौहान आगे के समेस्टर हेतु प्रोत्साहित किये और अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी।

महाविद्यालय विज्ञान संकाय के सहायक प्राध्यापक प्रविन बिश्वास, प्रमिला शर्मा और सभी सहायक प्राध्यापकों के मार्ग दर्शन से छात्र छात्राओ ने सफलता प्राप्त किए। सभी छात्र- छात्राएं बीएससी के छात्र होने के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना व रेड क्रॉस के स्वयं सेवक भी हैं। शिक्षा के साथ ही साथ सेवा भावना कार्यों में भी अपना योगदान देते हैं।

Scanned with OKEN Scanner

# कमलाकांत इंस्टीटयूट का परिणाम शत प्रतिशत रहा

भाटापारा। कमलाकांत शुक्ला इंस्टीटयूट देवरी मे अध्ययनरत बीएससी द्वितीय







सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम मे बीएससी की छात्रा आकांक्षा ने 80 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वही रिमझिम ने 77 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान, तीसरे स्थान पर खुशी ने 74 प्रतिशत अंक अर्जित कर परीक्षा उत्त्तीण की है। इसके अलावा अन्य छात्र-छात्राओं ने भी संतोषजनक प्रदर्शन करते हुए परीक्षा उत्त्तीण की है। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम आने के बाद संचालक मनीष शुक्ला, प्राचार्य डॉ.वंदना चौहान, प्रवीण विश्वास, प्रमिला शर्मा एवं सहायक प्राध्यापकों ने सफ ल छात्र-छात्राओं को बधाई दी है।

Scanned with OKEN Scanner

आयोजन | पूर्व छात्र संस्थान के विकास में देंगे सहयोग

# छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर भूतपूर्व छात्रों का भव्य सम्मेलन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भाटापारा.** देवरी रोड स्थित कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर भूतपूर्व छात्र सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष मनीष शुक्ला एवं सचिव अंजलि शुक्ला मुख्य अतिथि और विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



अध्यक्ष मनीष शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि भूतपूर्व छात्र किसी भी संस्थान की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। संस्थान सदैव छात्रों के हित और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अवसर प्रदान करने का प्रयास करता रहेगा। प्राचार्य डॉ. वंदना चौहान ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि पूर्व छात्रों का अनुभव नए विद्यार्थियों के लिए पथप्रदर्शक साबित होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, नैतिक मूल्यों और सतत अध्ययन के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम की संयोजक डॉ. पूर्णिमा कौशिक ने कहा कि छात्रों का महाविद्यालय से जुड़ा रहना एक सशक्त शैक्षणिक परंपरा है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और समाज के प्रति उत्तरदायी भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। सम्मेलन में वर्ष 2012 से 2025 तक के लगभग 50-60 भूतपूर्व छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इनमें सहायक प्राध्यापक भावना हेंवार, नेहा सिंह, अनुपम उमरे, माधुरी वर्मा, प्रविन बिश्वास, सुषमा दुबे, वैभव गुप्ता, प्रमिला शर्मा, सरोजिनी वर्मा, अजय बंजारे, मयंक सिंह सहित अन्य पूर्व छात्र मौजूद रहे। इस आयोजन को संस्थान परिवार ने एक प्रेरणादायी क्षण बताया, जहां पूर्व छात्रों ने अनुभव साझा करते हुए संस्थान के विकास में सहयोग देने का संकल्प लिया।

Scanned with OKEN Scanner



# कमलाकांत इंस्टीट्यूट में राज्य स्थापना दिवस मनाया गया

भाटापारा। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस रजत महोत्सव को कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट देवरी भाटापारा में संचालित उन्नत भारत अभियान, रेड क्रॉस, एन एस एस के संयुक्त तत्वाधान में बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनीष शुक्ला संचालक रहे। विशिष्ट अतिथियों में सचिव श्रीमती अंजलि शुक्ला, प्राचार्य डॉ. वंदना चौहान, उन्नत भारत अभियान की संयोजक डॉ. पूर्णिमा कौशिक, एनएसएस अधिकारी सुश्री भावना हेंवार तथा रेडक्रॉस प्रभारी प्रवीण विश्वास उपस्थित रहे। बी एड प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति लोक नृत्य-राऊत नाचा, सुआ नृत्य और कर्मा नृत्य लोकगीत, छत्तीसगढ़ी हास्य कविताओं की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं भारी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य ने छात्राओं की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति हमारी पहचान है, इसे आगे बढ़ाना हम सबका दायित्व है।

Scanned with OKEN Scanner

## न्यूज गैलरी

# कमलाकान्त इस्टीट्यूट में नशामुक्ति कार्यक्रम का आयोजन



भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में कमलाकान्त शुक्ल इस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी देवरी भाटापारा में नई दिशा अभियान एवं हम होंगे कामयाब कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि हेमंत वर्मा साइबर सिक्योरिटी एवं साइबर रिस्क एक्सपर्ट के द्वारा युवाओं को साइबर जागरूकता एवं धोखाधड़ी (फ्रॉड) से संबंधित जानकारी, परामर्श तथा बचाव के उपायों के बारे में बताया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा नई दिशा अभियान के अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान में नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई एवं नशामुक्ति शपथ दिलाई गई। इस दौरान सभी ने नशामुक्त भारत अभियान के क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन शपथ लेकर सर्टिफिकेट प्रदान किया। हम होंगे कामयाब कार्यक्रम के अंतर्गत कैरियर मार्गदर्शन कौशल विकास तथा रोजगार से संबंधित जानकारी दी गई। जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से मानसिक स्वास्थ्य के विषय में जानकारी प्रदान की गई तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न योजना की जानकारी दी गई।

Scanned with OKEN Scanner



# कमलाकांत इंस्टीट्यूट का सुमा में विशेष शिविर

भाटापारा। कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम सुमा में आयोजित किया गया है। जिसमें तृतीय दिवस प्रभात फेरी, योगा और परेड कर परियोजना कार्य स्कूल परिसर के आस पास नाली की सफाई , स्कूल प्रांगण की सफाई व लिपाई कचरो के ढेर की सफाई शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सुमा में बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के कृष्ण कुमार साहू तथा रसीद मोहम्मद सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे। बाल दिवस के अवसर पर कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट के संचालक मनीष शुक्ला के द्वारा डॉ. वंदना चौहान के मार्गदर्शन में स्कूल में पहली से आठवीं के छात्र-छात्राओं को कक्षा में में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार में मैडल वितरण व मोजा-जूता वितरण किया गया स्वयं सेवकों ने विभिन्न संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये विभिन्न नारों की गुंज विद्यालय के छात्रों में उत्साह देखने से को मिला। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के भावना हेंवार, नेहा सिंह, प्रवीन बिश्वास व मोरध्वज जायसवाल उपस्थित थे।

Scanned with OKEN Scanner

# छात्रों को शॉर्टकट और एक्सल फॉर्मूलों की विशेष जानकारी प्रदान की गई

भाटापारा @ पत्रिका. कमलाकांत शुक्ला, देवरी रोड भाटापारा में पीसी सॉफ्टवेयर पर अतिथिं व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से कंप्यूटर अनुप्रयोग के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित किया गया था। प्रमुख वक्ता अजय देवांगन, सहायक प्राध्यापक, कम्प्यूटर अनुप्रयोग, शासकीय पीजी कॉलेज, महासमुंद ने छात्रों को पीसी सॉफ्टवेयर से संबंधित गहन जानकारी प्रदान की। उन्होंने ह्व ऑफिस टूल्स, शॉर्टकट, तथा एक्सल के विशिष्ट फॉर्मूलों के उपयोग और उनके व्यावहारिक महत्व पर प्रकाश डाला। अतिथि व्याख्यान में महाविद्यालय के संचालक मनीष शुक्ला, प्राचार्या डॉ. वंदना चौहान, सहायक प्राध्यापक वैभव गुप्ता, सुषमा दुबे सहित छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और व्याख्यान से लाभ उठाया।

Scanned with OKEN Scanner

# एड्स से लड़ें, इंसान से नहीं
## छात्रों ने दिया संवेदना का संदेश




भाटापारा @ पत्रिका. कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट, देवरी रोड भाटापारा में रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा रेड रिबन वॉल का निर्माण किया गया तथा जागरूकता हेतु "एड्स से लड़ें, इंसान से नहीं" जैसे प्रभावी स्लोगन लेखन एवं वाचन गतिविधियाँ आयोजित की गई। आयोजन में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. वंदना चौहान, सभी सहायक प्राध्यापक, छात्र-छात्राएँ तथा रेड क्रॉस के स्वयंसेवक उपस्थित रहे। रेड क्रॉस सोसाइटी के संयोजक प्रवेश बिस्वास ने कार्यक्रम में सहयोग हेतु आभार व्यक्त करते हुए सतर्क और जागरूक रहने का संदेश दिया।

Scanned with OKEN Scanner



# कमलाकांत इंस्टीट्यूट में तीन दिवसीय कम्प्यूटर हार्डवेयर वर्कशॉप का समापन

भाटापारा। कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट में तीन दिवसीय वर्कशाप कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड मेंटनेंस आई.क्यू.ए.सी. एवं कम्प्यूटर विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ। वर्कशाप के आयोजन का मुख्य उद्देश्य कम्प्यूटर एप्लीकेशन अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं मेंटेनेंस के कौशल से विकसित करना था। इस वर्कशॉप में कमलाकांत शुक्ला प्राईवेट आई.टी.आई. एवं शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। वर्कशाप के मुख्य वक्ता बी.एस. ठाकुर ने कम्प्यूटर की सामान्य जानकारी और कम्प्यूटर के पार्टस से अवगत कराया व सिस्टम असेम्बलिंग एवं समस्या निवारण सॉफ्टवेयर इंस्टालेशन, इंटरनेट कनेक्शन और प्रिन्टर तथा कम्प्यूटर के आंतरिक तकनीकी की जानकारी प्रदान की। वर्कशाप के समापन पर महाविद्यालय के संचालक मनीष शुक्ला, प्राचार्य डॉ. वंदना चैहान, तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ आई.क्यू.ए.सी. के समन्वयक तथा कम्प्यूटर विज्ञान के सहायक प्राध्यापक वैभव गुप्ता, सुषमा दुबे, सरोजनी वर्मा, गुलशन कुमार, ऋषभ कुमार, गुलशन जैन, गौकरण यादव, मोरजध्वज जायसवाल ने सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया व छात्रा-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

Scanned with OKEN Scanner

# छात्रों ने सीखी कम्प्यूटर हार्डवेयर और मेंटनेस की कला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट में तीन दिवसीय वर्कशाप कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड मेंटनेस कम्प्यूटर विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ। वर्कशाप के आयोजन का मुख्य उद्देश्य कम्प्यूटर एप्लीकेशन अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड मेंटनेस के कौशल से विकसित करना था।

इस वर्कशॉप इंस्टीट्यूट, कमलाकांत शुक्ला प्राईवेट आईटीआई एवं जीएनए कालेज के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। वर्कशाप के मुख्य वक्ता बीएस ठाकुर ने कम्प्यूटर की सामान्य जानकारी और कम्प्यूटर के पार्टस से अवगत कराया व सिस्टम असेम्बलिंग एवं समस्या निवारण सॉफ्टवेयर इंस्टालेशन, इंटरनेट कनेक्शन और प्रिन्टर तथा कम्प्यूटर के आंतरिक तकनीकी जानकारी प्रदान की। वर्कशाप के समापन पर महाविद्यालय के संचालक मनीष शुक्ला, प्राचार्य डॉ. वंदना चैहान तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के समन्वयक तथा कम्प्यूटर विज्ञान के सहायक प्राध्यापक वैभव गुप्ता, सुषमा दुबे, सरोजनी वर्मा, गुलशन कुमार, ऋषभ कुमार, गुलशन जैन, गौकरण यादव, मोरजध्वज जायसवाल ने सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया।

Scanned with OKEN Scanner

## किताबी ज्ञान से आगे बढ़े विद्यार्थी

# छात्रों को मिला मार्केटिंग और कंज्यूमर बिहेवियर का व्यावहारिक ज्ञान



**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**भाटापारा.** कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट, देवरी रोड भाटापारा के वाणिज्य विभाग द्वारा गुरुवार को सभी छात्र-छात्राओं को कौशल विकास के उद्देश्य से मार्केटिंग स्किल और कंज्यूमर बिहेवियर के व्यवहारिक ज्ञान हेतु विशाल मेगा मार्ट भाटापारा के शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सुपरमार्केट और मॉल कल्चर में वस्तुओं की खरीद-फरोख्त और उपभोक्ताओं के व्यवहार का ज्ञान कराना था।

विशाल मेगा मार्ट के प्रबंधक विश्वजीत ब्राह्मण ने विद्यार्थियों को माल प्रबंधन और मार्केटिंग से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं के प्रश्नों का विस्तारपूर्वक उत्तर देकर उनकी जिज्ञासा शांत की। मार्ट के सभी कर्मचारियों का व्यवहार सहयोगात्मक और सकारात्मक रहा तथा भविष्य में इस प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रम में सहयोग देने की सहमति प्रदान की गई।

कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट के वाणिज्य विभाग के इस शैक्षणिक भ्रमण में संस्था प्रमुख मनीष शुक्ला और महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना चौहान की मुख्य भूमिका रही। साथ ही सहायक प्राध्यापक वैभव गुप्ता मार्गदर्शक के रूप में उपस्थित रहे। इस शैक्षणिक गतिविधि के सफल संचालन में वाणिज्य संकाय की सहायक प्राध्यापिका सरोजिनी वर्मा और डॉ. मयंक सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी वाणिज्य संकाय के छात्र-छात्राओं ने इस भ्रमण में भाग लिया।

Scanned with OKEN Scanner

**युवा दिवस** • एनएसएस के 900 युवाओं ने की भागीदारी, मंत्री टंकराम वर्मा ने किया प्रेरित, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए

# युवाओं में दिखा उत्साह व राष्ट्र निर्माण की ललक

भास्कर न्यूज़ | बलौदाबाजार

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के माध्यम से जिला स्तरीय युवा संवाद एवं नेतृत्व विकास कार्यक्रम का भव्य आयोजन बलौदाबाजार भाटापारा जिले में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र निर्माण की भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व और नेतृत्व क्षमता का विकास करना रहा। आयोजन में जिलेभर से आए 900 से अधिक एनएसएस स्वयंसेवक, महाविद्यालयीन विद्यार्थी और शिक्षक शामिल हुए। पूरा परिसर युवा ऊर्जा, उत्साह और राष्ट्रभक्ति के संकल्प से गूंजता नजर आया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा रहे। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं। उनके विचार, ऊर्जा और संकल्प से ही विकसित भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने आत्मनिर्भरता, नवाचार और सामाजिक सहभागिता को समय की आवश्यकता बताते हुए युवाओं से सकारात्मक बदलाव का नेतृत्व करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उस समय विशेष आकर्षण देखने को मिला जब मंत्री टंकराम वर्मा लोक कलाकारों की प्रस्तुति के दौरान मंच के सामने पहुंचे और कलाकारों के साथ ताल मिलाकर झूमते नजर आए। मंत्री का यह आत्मीय और उत्साहवर्धक अंदाज युवाओं में खासा जोश भर गया। उपस्थित युवाओं ने तालियों की गूंज के साथ इस क्षण का स्वागत किया।




बलौदाबाजार। 'जिला स्तरीय युवा संवाद कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए एनएसएस के स्वयं सेवक।



'जिला स्तरीय युवा संवाद कार्यक्रम में प्रतिभागी युवा और मंत्री टंकराम वर्मा।

## प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र बांटे गए

समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा राष्ट्र सेवा और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दिलाया गया। आयोजन को युवाओं के सर्वांगीण विकास और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू, जनपद पंचायत बलौदाबाजार अध्यक्ष सुलोचना यादव, जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ भाजपा सुनीता वर्मा, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बलौदाबाजार सुमन वर्मा, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार जितेन्द्र महाले, मंडल अध्यक्ष ग्रामीण बलौदाबाजार रविशंकर शर्मा, मंडल अध्यक्ष नगर बलौदाबाजार राकेश ध्रुव, भाजपा नेता विजय केसरवानी, योगेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और शिक्षक उपस्थित रहे।

## सीधा संवाद, प्रेरक सत्र और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

कार्यक्रम में विभिन्न सत्रों के माध्यम से युवाओं से सीधा संवाद किया गया। शिक्षा, रोजगार, सामाजिक जिम्मेदारी, नेतृत्व विकास और राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर युवाओं ने खुलकर अपने विचार रखे। प्रेरक व्याख्यानों, अनुभव साझा करने और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने आयोजन को प्रभावशाली बनाया। जिला प्रशासन एवं उच्च शिक्षा विभाग के समन्वय से आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। मुख्यवक्ता टोपलाल वर्मा ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि आज का युवा केवल देश का भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान का नेतृत्वकर्ता है। युवाओं के पास विचारों की शक्ति, बदलाव की ऊर्जा और समाज को दिशा देने का सामर्थ्य है। यदि युवा सही मार्गदर्शन, अनुशासन और लक्ष्य के साथ आगे बढ़ें, तो कोई भी चुनौती असंभव नहीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को नई दिशा देने का सशक्त उपकरण है। युवाओं को चाहिए कि वे सामाजिक सेवा, नवाचार और राष्ट्रहित को जीवन का उद्देश्य बनाएं।

Scanned with OKEN Scanner

# भाटापारा वार्षिकोत्सव सुषिर में दिखा शिक्षा, संस्कार और संस्कृति का संगम

भास्कर न्यूज | भाटापारा



वार्षिकोत्सव में छत्तीसगढ़ नवा बिहान पत्रिका का विमोचन किया गया।

रामनारायण शिक्षण संस्थान, कमलाकांत इंस्टिट्यूट में आयोजित वार्षिकोत्सव सुषिर हर्षोल्लास, गरिमा एवं सांस्कृतिक वैभव के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए तथा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से आत्मीय भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया।

वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रतिभा से सजे मनमोहक संगीत-नृत्य एवं विविध सृजनात्मक कार्यक्रमों ने समारोह को यादगार बना दिया। मंच पर बच्चों का आत्मविश्वास, अनुशासन एवं कलात्मक अभिव्यक्ति दर्शकों को अत्यंत प्रभावित करती रही। शिक्षकों का समर्पित मार्गदर्शन एवं अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता ने आयोजन को और भी प्रेरणादायी बनाया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने छत्तीसगढ़ नवा बिहान पत्रिका का विधिवत विमोचन भी किया गया। पत्रिका के माध्यम से सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने का सराहनीय प्रयास किया गया है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा वार्षिकोत्सव 'सुषिर' यह प्रमाण है कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संस्कार, संस्कृति और व्यक्तित्व निर्माण की मजबूत आधारशिला है। विद्यार्थियों की आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुतियां शिक्षकों के अथक परिश्रम और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम हैं। वहीं 'छत्तीसगढ़ नवा बिहान' पत्रिका का विमोचन सकारात्मक विचारों और रचनात्मक ऊर्जा के प्रसार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने विद्यालय परिवार को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि नगर पालिका शिक्षा, साहित्य और संस्कारों को प्रोत्साहित करने वाले सभी प्रयासों के साथ सदैव सहयोग करती रहेगी।

Scanned with OKEN Scanner

# वार्षिकोत्सव में नवा बिहान पत्रिका का विमोचन

नईदुनिया न्यूज, भाटापारा : रामनारायण शिक्षण संस्थान, कमलाकांत इंस्टिट्यूट में आयोजित वार्षिकोत्सव "सुषिर" हर्षोल्लास, गरिमा एवं सांस्कृतिक वैभव के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से आत्मीय भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया।

वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, मनमोहक संगीत-नृत्य, नाट्य एवं विविध सृजनात्मक प्रस्तुतियों ने समारोह को यादगार बना दिया। मंच पर बच्चों का आत्मविश्वास, अनुशासन और



कमलाकांत इंस्टिट्यूट में वार्षिक उत्सव एवं पुस्तक विमोचन। ● नईदुनिया

कलात्मक अभिव्यक्ति दर्शकों को लगातार मंत्रमुग्ध करती रही। शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन एवं अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता ने आयोजन को और अधिक प्रेरणादायी स्वरूप प्रदान किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के करकमलों से "छत्तीसगढ़ नवा बिहान" पत्रिका का विधिवत विमोचन भी किया गया। यह पत्रिका सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को जन-जन तक पहुँचाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा —"वार्षिकोत्सव 'सुषिर' इस बात का प्रमाण है कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है।

Ajay Banjare Mar 11, 2026, 15:16

Scanned with OKEN Scanner



# छत्तीसगढ़ नवा बिहान पत्रिका का विमोचन किया अश्वनी शर्मा ने

भाटापारा। रामनारायण शिक्षण संस्थान, कमलाकांत इंस्टीट्यूट देवरी में संस्था का वार्षिकोत्सव सुषिर हर्षोल्लास, गरिमा एवं सांस्कृतिक वैभव के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उक्त अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए तथा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से आत्मीय भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रतिभा से सजे मनमोहक संगीत-नृत्य एवं विविध सृजनात्मक कार्यक्रमों ने समारोह को यादगार बना दिया। शिक्षकों का समर्पित मार्गदर्शन एवं अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता ने आयोजन को और भी प्रेरणादायी बनाया। कार्यक्रम के दौरान अश्वनी शर्मा के करकमलों से छत्तीसगढ़ नवा बिहान पत्रिका का विधिवत विमोचन भी किया गया।

Scanned with OKEN Scanner